हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026

04 ससली के नारायणपुरा में पानी की निकासी...



07 भोलेनाथ की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु ...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 19 फरवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में वर्धमान फेब्रिक्स, ट्रेइडेंट ग्रुप, आयशर कंपनी, एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस, स्वरर्ना फर्टीलाइजर, एसबीआई लाइफ, पुष्पक एग्रोटेक, एमआरएफ लिमिटेड सहित 19 कंपनियों द्वारा लगभग 1366 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक सभी मूल दस्तावेजों के साथ 19 फरवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने देखी महोत्सव की व्यवस्थाएं

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम पर 14 से 20 फरवरी तक रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रख रहे हैं और समय-समय पर प्रतिदिन निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्थाओं में कोई समस्या आती है तो वरिष्ठ अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर त्वरित समाधान किया जाए।

### श्रद्धालुओं को खिचड़ी का वितरण किया

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर सीहोर में भव्य रूप से शिव बारात नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इस अवसर पर न्यू अथर्व फाउंडेशन के सदस्यों के नेतृत्व मे महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को खिचड़ी का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सुनील राय ने बताया कि प्रतिवर्ष हम सब मिलकर महाशिवरात्रि के अवसर पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं को करते है इसी कड़ी में इस वर्ष भी प्रसादी वितरण का आयोजन लिसा टॉकीज चौराहे पोस्ट ऑफिस के पास किया गया जिसमे कई श्रद्धालुओं में प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

# 1286 दिन बीते, जनता से किए वादों को निभाने पार्षदों के पास बचे 539 दिन

## चुनाव के वक्त किए थे बड़े-बड़े वादे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजनीति में वादे करना जितना आसान है, उन्हें निभाना उतना ही कठिन। जिले की 9 नगरीय निकायों के 158 पार्षदों (35 सीहोर, 18 आष्टा और 105 नगर परिषदों के) के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जुलाई-अगस्त 2022 के चुनावी शोर में जनता के पैर छूकर वार्डों में 'स्वर्ग' उतारने का वादा करने वाले इन माननीयों के कार्यकाल का सूरज अब ढलने की ओर है। तारीखों देखें तो इन पार्षदों ने 1286 दिन (करीब साढ़े तीन साल) का लंबा वक्त गुजार दिया है, लेकिन विकास की फाइलें अब भी कछुआ चाल से चल रही हैं।

बता दें जिले की 2 नगर पालिकाओं (सीहोर व आष्टा) और 7 नगर परिषदों (इछावर, भैरूंदा, बुदनी, रेहटी, जावर, कोठरी, शाहगंज) में विकास की जमीनी हकीकत आज भी कई वार्डों में वैसी ही है] जैसी तीन साल पहले थी। अगस्त 2022 में सत्ता की कुर्सी संभालते वक्त पार्षदों के चेहरे पर जो चमक थी] वह अब जनता के तीखे सवालों के सामने फीकी पडने लगी है। अब महज 539 दिन (लगभग डेढ़ साल) का समय शेष है। सवाल यह है कि

## अब गली-मोहल्लों में हिसाब मांग रहे मतदाता



## मतदाताओं के बीच डेढ़ साल बाद फिर जाना है वोट मांगने

जो काम बीते 1286 दिनों में नहीं हुआ] क्या वह अगले सवा साल में पूरा हो पाएगा। वादा तेरा वादा... जनता को अब भी याद है चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने हर गली में पक्की सडक़, नालियों की सफाई, शुद्ध पेयजल और स्ट्रीट लाइट के सपने दिखाए थे। कुछ सक्रिय पार्षदों ने तो अपने वार्डों की सूरत बदल दी, लेकिन एक बड़ी संख्या उन पार्षदों की भी है जो चुनाव जीतने के बाद 'गुमशुदा' की श्रेणी में आ गए।

### अगस्त 2027 में फिर सजेगा चुनावी अखाड़ा

बता दें नगर पालिका और नगर परिषदों का कार्यकाल अगस्त 2027 में पूर्ण होने जा रहा है। यानी अगले साल के मध्य तक चुनावी सुगबुगाहट फिर शुरू हो जाएगी, जो पार्षद आज विकास कार्यों की उपेक्षा कर रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता अब जागरूक है। सोशल मीडिया के दौर में हर वादे का स्क्रीनशॉट सुरक्षित है। अगर अगले 539 दिनों में पेंडिंग फाइलों पर धूल नहीं झड़ी और विकास जमीन पर नहीं उतरा तो वार्ड के विकास पुरुष कहलाने का सपना देख रहे कई चेहरों को मतदाता घर बैठाने में देर नहीं करेंगे।

### बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री आज कथा में शामिल होंगे

# बाबाओं के चक्कर में नहीं बल्कि भगवान की शरण में ज्यादा रहें: पंडित प्रदीप मिश्रा

लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को आधुनिक भोजनशाला से निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं के लिए करीब 10 एकड़ में लगाई भोजनशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हम दुनिया के भरोसे पर जीते हैं पर परमात्मा के भरोसे नहीं जी पाते, हम उसके आश्रित नहीं हो पाते, कभी ऐसा भी होता है कि हमारा पुण्य भी पाप में बदल जाता है। बाबाओं के चक्कर में पड़कर भगवान शिव की शरण में रहे। भगवान पर किया गया भरोसा ही सार्थक होता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुदाक्ष महोत्सव के अंतर्गत संगीतमय भव्य शिव महापुराण के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। कथा के बीच में कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने कुछ पत्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि कुछ माताओं ने उन्हें पत्र भेजा है। उनमें से कुछ पत्रों को मिश्रा ने भक्तों को पढ़कर सुनाया। अनेक भरोसे का बड़ा मार्मिक पत्र भेजे गए थे। श्रद्धालुओं को शिव भक्ति के लिए प्रेरित करते हुए पं. मिश्रा ने कहा कि ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। श्रद्धा के साथ रोजाना भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करें, एक लोटा जल सारी समस्याओं का हल है। इसके बाद पूरा आयोजन स्थल तालियों और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। किसी के कुछ करने से किसी का बुरा नहीं होता, बल्कि पूर्व में हमने जो कर्म किए है, उसके अनुसार ही हमें फल मिलता है। इस दुनिया के ढोंग और प्रपंच से बाहर हो जाओ।



### प्रमुख अतिथि और स्वागत समारोह

कथा के तीसरे दिन राजनीति और धर्म क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सीहोर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का स्वागत किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पंडित श्री मिश्रा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों (अस्पताल, भोजनालय) की सराहना करते हुए कहा कि पहले सीहोर अपनी कचौरी के लिए प्रसिद्ध था लेकिन आज पंडित प्रदीप मिश्रा की भक्ति के कारण वैश्विक मानचित्र पर चमक रहा है। इसके साथ ही खाटूश्याम जी के प्रतिनिधि, सनातन धर्म का प्रचार करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अखंड हिंद फौज का भी शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

### आज बागेश्वरधाम के कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री पहुंचेंगे कुबेरेश्वरधाम

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने जानकारी देते हुए बताया कि सनातन धर्म को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प लेकर निरंतर आगे बढ़ने वाले इस कलियुग में शिव युग लाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित हो रहे भव्य रुद्राक्ष महोत्सव में मंगलवार को बागेश्वरधाम के कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री पहुंचेंगे। इसके अलावा 19 फरवरी को कथा वाचक देवकीनंद ठाकुर और 20 फरवरी को 18 पुराणों से धर्म को जागरूक करने वाले कौशिक महाराज शामिल रहेंगे। इसके अलावा अन्य संतों और जनप्रतिनिधियों के आगमन को लेकर तैयारियां पूर्ण की गई है।

# मौसम में आया बदलाव: सुबह ठंड, दिन में धूप से बढ़ी गर्मी

## गर्मी ने दस्तक देना किया शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में फरवरी के तीसरे सप्ताह में मौसम ने करवट ली है। अब सुबह हल्की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का एहसास होने लगा है। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। सोमवार को सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले चार दिनों से तापमान 14 से 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास स्थिर बना हुआ है। उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय हल्की सिहरन महसूस होती है, लेकिन दोपहर में तेज धूप से लोगों को ठंड से राहत मिल जाती है। फरवरी माह का तीसरा सप्ताह चल रहा है और मौसम पहले की तुलना में काफी बदल गया है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा और कड़ाके की ठंड थी, वहीं दूसरे सप्ताह में रात के तापमान में गिरावट देखी गई। अब तीसरे सप्ताह में तेज धूप के कारण दोपहर में गर्मी का एहसास हो रहा है। आज सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, जिसके बाद धूप निकली और आसमान से बादल छंट गए।

### जिले में बीते दिन का न्यूनतम तापमान

- 10 फरवरी : 12 डिग्री सेल्सियस
- 11 फरवरी : 14 डिग्री सेल्सियस
- 12 फरवरी : 15 डिग्री सेल्सियस
- 13 फरवरी : 13 डिग्री सेल्सियस
- 14 फरवरी : 16 डिग्री सेल्सियस
- 15 फरवरी : 15 डिग्री सेल्सियस
- 16 फरवरी : 18 डिग्री सेल्सियस

# आपसी खींचतान में उलझी भाजपा, जनता के बाद अब कार्यकर्ताओं ने भी बनाई दूरी: यादव

## भाजपाइयों की बेरुखी पर कांग्रेस का तंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी के भीतर जिला मुख्यालय पर चल रही अंदरूनी खींचतान अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गई है। भाजपा की इस अंतर्कलह और अनुशासन पर चुटकी लेते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यदव ने तीखा हमला बोला है। यादव ने कहा कि जो पार्टी खुद को सबसे अनुशासित होने का दावा करती थी, आज उसके कार्यक्रमों से कार्यकर्ता ही नदारद हैं। जनता तो पहले ही दूरी बना चुकी थी, अब कार्यकर्ताओं का मोहभंग भी साफ नजर आने लगा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने मीडिया रिपोट्र्स का हवाला देते हुए कहा कि बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाजपाइयों की बेरुखी ने संगठन की पोल खोल दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कार्यक्रम में भीड़ न जुटने पर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की नाराजगी और नगर मंडल अध्यक्ष की मजबूरी यह बताती है कि भाजपा आपसी गुटबाजी और खींचतान के भंवर में फंसी हुई है।

### कार्यकर्ताओं का भविष्य अधर में

यादव ने कहा कि मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के बीच की इस नूराकुश्ती में सक्रिय कार्यकर्ताओं का भविष्य अधर में लटका है। जिले के अन्य 23 मंडलों में टीमें काम कर रही हैं, लेकिन जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ता मायूस हैं। उन्होंने कहा कि अब नाराजगी जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि भाजपा की जमीनी हकीकत अब जनता और कार्यकर्ता दोनों समझ चुके हैं।

# मंडी क्षेत्र में शुरू होगा 15 करोड़ से सीवेज-2.0 कार्य, नपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बढियाखेड़ी के पश्चात अब मंडी क्षेत्र में भी करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सीवेज कार्य का भूमि पूजन का श्री गणेश किया। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मंडी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रवासी से कराते हुए कहाकि कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए। इसके अलावा जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पार्षद विशाल राठौर, दिलीप राठौर, मुकेश मेवाड़ा, सपना मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, राहुल राय आदि शामिल थे। गौरतलब है कि शहर के बढ़यािखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किलोमीटर की सीवेज लाइन डाली जानी है। नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा। इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है। तेजी रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा। बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़यािखेड़ी में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा।

### सीवेज के बाद सड़क का होगा निर्माण

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने संबंधित निर्माण एजेंसी को जरूरी निर्देश दिए। उनसे कहा गया कि जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए। साथ ही समतली कार्य पर भी ध्यान दिया जाए। संबंधित कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के जिन क्षेत्रों में खुदाई कार्य व पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा, उन मार्गों, गलियों में तुरंत मिट्टी से समतल कर उसे यातायात के लिए सुचारु बनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि यह एक महत्वकांक्षी योजना है। सीहोर को सुंदर व स्वच्छ बनाए रखने व पेय जल की सुचारु व्यवस्था के लिए यह जरूरी है। सीवेज खुदाई व पाइप लाइन बिछाने का काम कार्य पूरा करने के लिए कंपनी को निर्देशित किया है। इस काम की मानीटरिंग पार्षद करें। सीवेज कार्य के पश्चात सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। बढ़यािखेड़ी सहित वार्ड के अंतर्गत आने वाले अनेक मार्ग सीवेज कार्य नहीं होने के कारण लंबित है उनको पूर्ण किया जाएगा।

## शहर के दानवीरों ने संपन्न कराया निर्धन कन्या का विवाह

# उपहार में दे दिया घर-गृहस्थी का पूरा सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दानवीरों ने निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बा में कार्यक्रम हुआ। भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी की प्रेरणा से दानवीरों ने 1 घंटे में ही कन्या को उपहार में देने के लिए गृहस्थी का पूरा सामान जुटा लिया। शिवरात्रि महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। राधे परिवार सेवा समिति सीहोर के द्वारा पांचवीं बार निर्धन कन्या का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया। भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के सानिध्य में शिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के रूप में ही कस्बा सीहोर निवासी जमुना प्रसाद कुशवाहा की पुत्री वधू स्वाति और ग्राम चोटीपुरा तहसील बेरसिया जिला भोपाल निवासी कांता प्रसाद कुशवाहा के पुत्र सुनील का विवाह शिव के रूप में ही संपन्न कराया गया। भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने बताया कि राधे परिवार सेवा समिति काशी विश्वनाथ मंदिर कस्बा के द्वारा बीते 5 वर्षों से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निर्धन जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह कराया जाता है शहर के दानदाता प्रतिवर्ष खुले हाथों से कन्यादान करते हैं। इस वर्ष भी कन्या को उपहार स्वरूप डबल बेड कूलर फ्रिज पंखा टीवी वाशिंग मशीन, पायल, बिछुड़ी, टीका बर्तन सहित अन्य सामग्री दाताओं के द्वारा प्रदान की गई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर वधू पक्ष के रिश्तेदार दानदाता और श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप

### संदीपनि विद्यालय में बैठक हुई आयोजित

**चापडा।** संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बागली में शनिवार को अभिभावक व छात्र सेमिनार बैठक आयोजित हुई। होनहार बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, यूनिट टेस्ट के परिणाम और एफएलएन वर्कबुक की पूर्णता आदि को उनके अभिभावक पालको व माता-पिता के सामने प्रस्तुत किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की गई। प्राचार्य प्रकाश डाबी, सोनिया वर्मा, प्रधानाध्यापक माध्यमिक विंग विलाम वास्केल, प्रधानाध्यापक गोविंद सिंह राजपूत और सभी कक्षाओं के कक्षाध्यपको ने बैठक में अपने विचार रखे। प्राचार्य डाबी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन पालकों को दिया। सभी अभिभावकों पालकों को विद्यालय का भ्रमण कराया। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों का सम्मान किया। साथ ही अभिभावकों ने शिक्षकों का भी पेन गिफ्ट देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया। इस दौरान सोनिया वर्मा, विलाम सिंह वास्केल, गोविंद सिंह राजपूत, दीपक परिहार आदि उपस्थित रहे।

### श्री खेड़ापति मंदिर में किया दिव्य श्रृंगार

**देवास।** महापर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को शहर के प्राचीन श्री खेड़ापति मंदिर में भगवान का अद्भुत एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। आयोजक मंदिर पुजारी दर्शन उपाध्याय ने बताया कि श्री खेड़ापति सरकार को भूतभावन भगवान भोलेनाथ के रूप में पंचमुखी हनुमान स्वरूप में विशेष रूप से सजाया गया।

### ग्राम पंचायत में कागजों में दिख रही स्वच्छता, हर तरफ पसरी है गंदगी

# ससली के नारायणपुरा में पानी की निकासी ठप, कीचड़ भरी सड़कों से ग्रामीण परेशान

घरों से निकलने वाला गंदा पानी लंबे समय से सड़क पर जमा है, जिससे पूरी सड़क कीचड़ और बदबूदार जलभराव से भरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



स्वच्छता और ग्रामीण विकास के दावों के बीच तहसील की समरस ग्राम पंचायत ससली के अंतर्गत आने वाला नारायणपुरा गांव बुनियादी सुविधाओं की हकीकत बयान कर रहा है। गांव की मुख्य सड़क इन दिनों 'गंदे पानी' की झील में तब्दील हो चुकी है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी लंबे समय से सड़क पर जमा है, जिससे पूरी सड़क कीचड़ और बदबूदार जलभराव से भर गई है। हालात ऐसे हैं कि स्कूली बच्चे, आंगनवाड़ी के नौनिहाल, महिलाएं और रोज़ मजदूरी पर जाने वाले कामगार इसी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

सुबह स्कूल के समय स्थिति और भयावह हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चे जूते और यूनिफॉर्म समेत कीचड़ में सने हुए स्कूल पहुंचते हैं। कई बार फिसलकर गिरने से चोट लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं। अभिभावकों का कहना है कि बरसात के बाद से यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। दोपहिया वाहन चालक भी असंतुलन के कारण गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सड़क से गुजरना रोजाना एक जोखिम भरा सफर बन गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। नाली निर्माण के अभाव में पानी जमा होकर सड़ांध फैलाने लगा है। यह जलभराव मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आंगनवाड़ी पहुंचने वाले छोटे बच्चों को भी इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अभिभावकों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत में निर्विरोध महिला सरपंच चुने जाने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि गांव में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर पर्याप्त जगह नहीं होने से पक्की नाली का निर्माण संभव नहीं हो पा रहा है। उनका तर्क है कि कुछ रहवासियों ने नाली निर्माण के लिए जमीन देने से इनकार कर दिया है। वहीं कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे पत्थर और लकड़ी के गट्ठर डाल देने से भारी वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे जाम की स्थिति बनती है।

हालांकि ग्रामीण इन दलीलों को नाकाफी बताते हैं। उनका कहना है कि यदि पंचायत गंभीरता दिखाए तो सीमित चौड़ाई में भी सीमेंटेड नाली का निर्माण संभव है। समस्या को टालने के बजाय उसका स्थायी समाधान खोजने की जरूरत है। कई ग्रामीणों ने बताया कि पैदल निकलते समय कपड़े घुटनों तक कीचड़ से भर जाते हैं। बच्चे स्कूल में गंदे कपड़ों के कारण शर्मिंदगी झेलते हैं और घर लौटने पर परिजनों की नाराजगी का सामना करते हैं। नारायणपुरा की यह तस्वीर स्वच्छता अभियान के दावों पर सीधे सवाल खड़े करती है। एक ओर कागजों में साफ-सफाई और विकास के दावे दर्ज हैं, वहीं जमीनी हकीकत में सड़कें गंदे पानी से लबालब हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सर्वे कराकर जलनिकासी की ठोस योजना बनाई जाए और प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से जानकारी ली जाएगी तथा सड़क मार्ग का सर्वे कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस जनसमस्या पर कब ठोस कदम उठाते हैं और नारायणपुरा की सड़क से 'गंदे पानी की झील' का दाग कब मिटता है। फिलहाल गांव के बच्चे, महिलाएं और मजदूर रोज इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को विवश हैं। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से जानकारी ली जाएगी तथा सड़क मार्ग का सर्वे कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत लगे शिविर

### बैठक में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM -SYM) के अंतर्गत कवरेज में सुधार के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दिनांक 15 फरवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर व्यवस्थित रूप से शिविर आयोजन करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं । इस संबंध में जनपद पंचायत-आष्टा स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा समस्त पंचायतों के सचिव ,GRS एवं क्लस्टर प्रभारियों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दे कर समय सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु शिविरों के माध्यम से निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM -SYM) योजना अंतर्गत असंगठत क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक ,अंशदायी पेंशन योजना है ।

18-40 वर्ष की आयु वाले 15000/- रुपये से कम आय अर्जित करने वाले श्रमिक 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 /- रुपये की मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं ,इसमें 50 प्रतिशत योगदान सरकार करती है।

### योजना की प्रमुख विशेषताएं और विवरण

पात्रता-असंगठित क्षेत्र के श्रमिक (जैसे रेहड़ी-पटरी वाले,रिक्शा चालाक, निर्माण श्रमिक ),जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है,और मासिक आय 15000 /- या उससे कम है।

पेंशन राशि- 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 3000 /- रुपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन। अंशदान-श्रमिक की आयु के आधार पर 55/- रुपये से 200 रुपये तक का मासिक योगदान।

सरकारी अंशदान-केंद्र सरकार द्वारा सामान अनुपात (1:1) में योगदान। पारिवारिक पेंशन-यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है,तो पति/पत्नी को पैंशन का 50 (रुपये 1500 /-) मिलेगा। पंजीकरण प्रक्रिया-निकटतम सामान्य सेवा केंद्र (CSC) के माध्यम से या मानधन पोर्टल/उमंग ऐप के आधार पर कार्ड और बैंक पासबुक के साथ पंजीकरण किया जा सकता है। यह योजना जीवन बीमा निगम (LIC ) द्वारा प्रशासित है और इसका उद्देश्य वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।

# महाशिवरात्रि पर भैरुंदा में गूंजा आत्मजागृति का संदेश, राजयोग से शांति-संतुलन का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ भैरुंदा सेवा केंद्र द्वारा भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के पूज्य गुरुजी स्वामी आशानंद जी एवं भ्राता राना पांडे जी उपस्थित रहे। अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।अपने उद्बोधन में स्वामी आशानंद जी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मजागृति, पवित्रता और आंतरिक परिवर्तन का प्रतीक है। भगवान शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं, जो मानव को शांति, शक्ति और सद्बुद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने जीवन में सकारात्मक सोच, संयम और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया।केंद्र प्रभारी बीके माला बहन ने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को आत्मा स्वरूप पहचानता है, तभी सच्ची शांति और संतुलन का अनुभव संभव है। राजयोग ध्यान के माध्यम से परमात्मा से संबंध जोड़कर जीवन में धैर्य, पवित्रता और आत्मबल विकसित किया जा सकता है।बीके उर्मिला बहन ने ज्ञान मुरली के माध्यम से शिव संदेश को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की अशांति का मूल कारण आत्मस्वरूप की विस्मृति है। आत्मचिंतन और परमात्म स्मृति से मन के विकार शांत होते हैं तथा सहनशीलता और सकारात्मकता का विकास होता है।बीके पिंकी बहन ने राजयोग को श्रेष्ठ जीवनशैली बताते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्म-अनुभूति का अभ्यास कराया। उन्होंने प्रेरित किया कि प्रत्येक दिन की शुरुआत परमात्म स्मृति से करने पर विचार, वाणी और कर्म में श्रेष्ठता आती है।कार्यक्रम के दौरान बीके नेहा बहन ने शिवध्वज के साक्षी में सभी श्रद्धालुओं को सामूहिक प्रतिज्ञा दिलवाई कि वे आत्मा स्वरूप की स्मृति में रहकर पवित्रता, शांति, प्रेम और सहनशीलता के गुणों को जीवन में धारण करेंगे तथा समाज में सद्भावना का वातावरण निर्मित करेंगे। सामूहिक संकल्प के क्षणों ने वातावरण को भावुक और आध्यात्मिक बना दिया।अंत में श्रद्धा और उल्लास के साथ शिव ध्वज फहराया गया तथा विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की गई। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन ने नगर में सकारात्मकता और आध्यात्मिक जागृति का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया।

# रविदास मंदिर में बैठक कर समाज हित में लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शिवरात्रि के अवसर पर संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीहोर, शाजापुर, रायसेन, विदिशा, भोपाल जिले के लोग शामिल हुए। समाजिक लोगों ने समाज के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। राम सिंह भारती और समाज के वरिष्ठ जनों ने गरीब परिवारों की मदद के लिए जो प्रण लिया है, वह सराहनीय है। बैठक के दौरान समाज में किसी का निधन होने पर अंत्येष्टि के लिए 1100 की राशि- गरीब परिवारों को 25 किलो आटा, 5 किलो मीठा तेल, नमक, हल्दी, मिर्ची- रसोई घाटे में कपड़े प्रथा बंद करने का निर्णय लिया गया। यह पहल समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देगी। समिति अध्यक्ष मूलचंद, उपाध्यक्ष भगीरथ, जय सिंह भारती जनपद सदस्य, इमारत लाल सरंपच, रामकृष्ण विदिशा, थान सिंह भोपाल, कैलाश भोपाल, आसाराम बैरागढ़, गणेशराम हर्रा खेडा, प्रकाश जाट खेड़ी, कमल सरपंच, विक्रम पटेल टीलाखेडी, पर्वत सिंह फंदा, मनोहर लसूडिया, मूलचंद ताकीपुर, हरिप्रसाद पोस्टमैन, राय सिंह सुजालपुर, राजाराम अध्यापक वेरावल, इमरत लाल सरपंच रायपुरा, गोविंद अध्यापक, भैया लाल, रघुवीर सिंह बिजलोन, अखिलेश खजूरी, सुरेश दुबडी, लखन श्यामपुर, प्रदीप बैरागढ़ खुमान, अल्लु भारती, बबन मंडी, राधेश्याम पलासी, राम बापू दोपाडिया आदि समाज के लोग शामिल हुए।

# हिन्दू उत्सव समिति की पहली बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हिदू उत्सव समिति की प्रथम बैठक स्थानीय उमराव गार्डन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में की गई।बै ठक में नवनियुक्त हिन्दूत्सव समिति अध्यक्ष नारायणसिंह भुरू मुकाती ने आगामी हिन्दू त्यौहार शिवरात्रि एवं पंच दिवसीय होली शालीनता से परम्परा गत रूप से मनाने की बात रखी, हिदुउत्सव समिति के सदस्यता अभियान को प्रारंभ करने की बात रखी। जिसे उपस्थित हिन्दू समाज के वरिष्ठ व गणमान्य नागरिकों ने पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक, इतिहासकार हिन्दू समाज की प्रबंध समिति के सदस्य सुधीर पाठक ने अपने सारगर्भित उदबोधन में हिन्दू समाज के त्योहारों को पुरानी परंपरा से पूरी लगन व उत्साह पूर्वक मनाने पर जोर दिया। श्री पाठक ने हिन्दू समाज की एकता पर बल दिया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने हिन्दूत्सव समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहे विधायक ने उपस्थित समाज जनों से अपील की कि, हम संगठित होकर अपने त्योहारों को भाईचारे के साथ,सभी को मिलकर मनाना चाहिए। मेरी जहां जैसी आवश्यकता होगी,मैं पूरे सहयोग का वादा करता हूँ। कार्यक्रम को चंद्रवंशी खाती समाज के स्थानीय अध्यक्ष एडवोकेट बी,एस, वर्मा, ने भी संबोधित किया। बैठक में हिन्दू समाज के वरिष्ठ समाज सेवी अनोखीलाल खंडेलवाल, शेषनारायण मुकाती, गोपालदास राठी, प्रेमनारायण शर्मा, हरिबाबू शर्मा, सत्यनारायण कामरिया, अनूप जैन कचरु, मोहनसिंह अजनोदिया, सकल समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, पूर्व हिन्दूत्सव समिति अध्यक्ष गण राजू जायसवाल, संजय सोनी बंटू, उमेश शर्मा, पंकज यादव, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर, पत्रकार सुशील संचेती,दिनेश शर्मा,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा,विनीत सिंगी,कुशलपाल लाला, चेतन यश छाजेड़,भोलूसिंह ठाकुर, ज्ञानसिंह ठाकुर, मनोहर साहू, पवन वर्मा, बिल्लू, कैलाश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, हंसराज कुशवाहा, शीतला माता मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी, कमल बैरागी, राम मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद सोनी, प्रवीण धाड़ीवाल, मुकेश गुलवानी, हेमंत सोनी, द्वारिका सोनी, विनय आर्य, डॉ, राजेंद्र जैन, प्रदीप राठौर, चेतन ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर,प्रसाशन की ओर से तहसील दार श्री रामलाल जी पगारे आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लड्डूमल चौधरी मनोनीत

**देवास।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज मूर्ति जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एस वर्मा और राष्ट्रीय सचिव मिश्रीलाल चौधरी की सहमति से खाती समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लड्डूमल चौधरी को मनोनीत किया। समाजजनों ने लड्डू मल चौधरी को युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नियुक्ति पर मनोहर लाल मंडलोई पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी, संगठन महामंत्री एडवोकेटेड बी .एस.वर्मा सचिव मिश्रीलाल चौधरी, देवास जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा इंदौर जिला अध्यक्ष योधराज पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सोहन पटेल प्रकाश पटेल, राजू अकेला, संदीप चौधरी आदि ने शुभकामनाएं और बधाई दी।



### थाना सिविल लाइन पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

# आपसी विवाद में की थी सगे भाई ने भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाई ने आपसी विवाद के चलते अपने ही सगे भाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भाई और उसके जीजा ने मिलकर घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 10 फरवरी 2026 की देर रात की है। अमलतास अस्पताल, देवास से सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली कि रवि पिता राजाराम चौहान (30 वर्ष), निवासी ग्राम सिंगवादा पावर हाउस, को उसका भाई लखन चौहान और जीजा राहुल राजोरिया सडक़ दुर्घटना में घायल बताकर अस्पताल लाए हैं। उपचार के दौरान रवि चौहान की मृत्यु हो गई।इस सूचना पर सिविल लाइन थाने में मार्ग क्रमांक 07/2026, धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शव का पोस्टमार्टम एम.जी. अस्पताल, देवास में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि रवि की मृत्यु सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के कारण हुई है, जिससे मामला हत्या का प्रतीत हुआ। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से गहन पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि 10 फरवरी 2026 की रात मृतक रवि चौहान का अपने भाई लखन चौहान से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी लखन ने घर में रखी लोहे की भारी वस्तु (मोगरी) से रवि के सिर पर 2-3 वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या करने के बाद आरोपी लखन ने अपने जीजा राहुल राजोरिया को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर रवि के शव को अमलतास अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए इसे सडक़ दुर्घटना बताया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि राहुल को घटना की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उसने अस्पताल में गलत सूचना दी। तथ्यों के आधार पर सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 75/2026, धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी लखन चौहान और राहुल राजोरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कमलापुर थाना सिमटा, एक दर्जन गांव बागली में शामिल किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

प्रशासनिक पुनर्सीमन के तहत एक बार फिर थाना सीमाओं में बड़ा बदलाव किया गया है। पहले 52 से 54 गांव के दायरे में स्थापित किया गया कमलापुर थाना अब सिमटकर मात्र 37 से 38 गांव तक रह गया है। 15 फरवरी से लागू की गई व्यवस्था के अनुसार चापडा पुलिस चौकी को बागली थाने में सम्मिलित कर दिया गया है, जबकि कमलापुर थाना क्षेत्र के 15 गांव को वापस बागली थाने में और दो गांव को हाटपिपलिया थाने में जोड़ दिया गया है।

गौर तलब है कि बढ़ते प्रशासनिक कार्यभार और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य पहले कमलापुर को पूर्ण थाने का दर्जा दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस फैसले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है कुछ लोगों का कहना है कि दूरी कम होने से उन्हें प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी। वहीं अन्य लोगों का मानना है कि बार-बार सीमा परिवर्तन से आमजन में भ्रम की स्थिति बनती है। अब स्थिति यह है कि जितने गांव पहले कमलापुर पुलिस चौकी के अंतर्गत आते थे लगभग उतने गांव वर्तमान में थाना कमलापुर क्षेत्र के रह गए हैं। इससे थाना क्षेत्र की प्रभावशीलता और संसाधनों के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर विस्तृत आधिकारिक कारण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं लेकिन माना जा रहा है कि क्षेत्रीय संतुलन और बेहतर कानून व्यवस्था की दृष्टि को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

**कार्यालय तहसीलदार अनु अधि / नजूल अधि" न्यायालय नायब तहसीलदार वृत लाड़कुई, तहसील भैरुन्दा, जिला सीहोर म.प्र. (मो. अनीस कुरेशी) जिताः सीहोर**

**विज्ञप्ति**

क्रमांक:0002/अ-20(3)/2025-26/रीडर/प्र. क्र.: 488

दिनांक: 11/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सींगपुर तहसील भैरुंदा जिला सीहोर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 199/159, रकवा 1.1770, में से 0.00, हैं। भूमि पुलिस चौकी लाडकुई को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्ध लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 11/02/2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार अनु अधि / नजूल अधि" न्यायालय नायब तहसीलदार वृत लाड़कुई, तहसील भैरुन्दा, जिला सीहोर म.प्र. (मो. अनीस कुरेशी)**

## केदारनाथ के इस बार भी नहीं खुले पट, स्क्रीन पर कराए दर्शन, मंदिरों में हुआ विशेष पूजन और श्रृंगार

महाशिवरात्रि पर गादेर और मालपुर गुफाओं पर लगे मेले

# भोलेनाथ की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु निकली शिव बारात, मनाया विवाहोत्सव







हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ मनाया गया । जिले के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में विशेष सजावट, आकर्षक विद्युत साज सज्जा और धार्मिक आयोजनों की व्यापक झलक देखने को मिली ।शहर में शिव जी की शोभायात्रा निकाली गई। उधर शहर के समीप प्राचीन केदारनाथ धाम के पट इस बार भी नहीं खुले ,प्रशासन ने स्क्रीन पर श्रद्धालुओं को दर्शन करने की पूर्व की व्यवस्था को जारी रखा । वहीं गादेर और मालपुर की गुफाओं पर पारंपरिक मेले लगे जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया और आराधना में लीन नजर आए।

### मालपुर ,गादेर गुफा पर लगे पारंपरिक मेले

पांडव कालीन मालपुर गुफाओं पर परंपरा अनुसार शिवरात्रि का मेला लगाया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की आराधना की और बच्चों ने मेले का लुफ्त उठाया। ठीक इसी तरह से गादेर गुफा मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा यहां पर भी पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़े तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। गुफा के अलावा ऊपर पहाड़ी पर बाबा के स्थान पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी तादाद देखने को मिली यहां उत्तर मुखी हनुमान जी की आराधना से सर्व मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है।भोले बाबा ,माता दुर्गा और भैरव नाथ जी यहां पर विराजमान है।यहां के सेवक संजय देशमुख ने बाबा की कृपा को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया है और वह अन्य लोगों को भी इस स्थान से जोड़कर लाभान्वित होने की बात कहते हैं।दोनों ही स्थान पर दूर दराज से आने वाले लंबे समय से जुड़े हुए श्रद्धालुओं की तादाद भी अच्छी खासी रही। मालपुर गुफा पर कई श्रद्धालु ऐसे मिले जो पिछले 50 वर्षों से निरंतर यहां आ रहे हैं।

### भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया

न्यू टेकरी रोड स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में शारदा जागृति महिला समिति द्वारा तीन दिवसीय भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार को मेहंदी और महिला संगीत का आयोजन हुआ, जिसमें विधि-विधान से पूजन कर सुहा सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।वहीं सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड पर मेहंदी व मंडप समारोह आयोजित हुआ, जिसमें हरी तार साड़ी ड्रेस कोड में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिवबारात

दुर्गा कॉलोनी स्थित सनाढ्य धर्मशाला परिसर में श्री नर्मदेश्वर महादेव के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को मेहंदी समारोह शाम 4 बजे से आयोजित हुआ। वहीं रविवार को शिव बारात और नर्मदेश्वर महादेव को विशेष श्रृंगारित किया गया । आयोजन में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी दादा देखने को मिली इस मौके पर मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया , यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में मंडप समारोह

सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड ए.बी. रोड पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मेहंदी व मंडप समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु हरी साड़ी के ड्रेस कोड में शामिल हुई। बाबा पशुपतिनाथ के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने भक्ति गीत गाए और शिव-पार्वती विवाह की परंपरा निभाई है।

### नपाध्यक्ष शिव पालकी में शामिल हुई और किया भव्य स्वागत

**गुना।** नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं पूर्व पार्षद भाजपा नेता अरविंद गुप्ता वार्ड 2 में निकाली गई एक भव्य शिव पालकी में शामिल हुए एवं शिव पालकी का अपने निवास पर हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की और आतिशबाजी चला कर उनकी श्रद्धा को सम्मानित किया। इस स्वागत समारोह में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक महत्ता दोनों ही बढ़ गई।



अध्यक्ष जी के इस सादगीपूर्ण लेकिन प्रभावशाली स्वागत ने सभी उपस्थित जनों के दिलों को छू लिया और शिवभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया। इस प्रकार यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव बनकर उभरा, बल्कि एकता और सामूहिक श्रद्धा का भी प्रतीक बना।

## डॉ. रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरावर

आडॉ रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मेन मार्केट डॉ रामदास चौराहा पर मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा को स्नान कराकर फूल माला से सजाया गया। उपस्थित जनों ने डॉक्टर रामदास वैष्णव के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो कुरावर का स्वरूप है, वह डॉक्टर रामदास का सपना था। डॉ रामदास वैष्णव को कुरावर गांव को नगरी रूप में देखने वाले जन-जन के सेवक के रूप में याद किया जाता है।

### गेहूं कटाई के दौरान हाइवेस्टर मालिक की हाइटेंशन तार से मौत

**सारंगपुर।** खेत में हाइवेस्टर से गेहूं कटाई के दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से पंजाब के हाइवेस्टर के मालिक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सारंगपुर क्षेत्र के समीप ग्राम गांवड़ी में हुई। बताया जा रहा है कि खेत में गेहूं की फसल की कटाई के लिए हाइवेस्टर मशीन से कार्य चल रहा था। इसी दौरान हाइवेस्टर बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे मशीन को आगे पीछे करने के दौरान सुखबिंदर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए।मृतक सुखबिंदर सिंह जालंधर जिले के गांव दारेवाला थाना लोहियाखास के निवासी थे तथा कटाई कार्य के लिए यहां आए हुए थे। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक कराएं

**गुना।** रबी उपार्जन 2026-27 में गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र पर किसानों के पंजीयन हेतु 7 2026 से 7 मार्च 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर किशोर कन्याल के द्वारा किसान पंजीयन हेतु जिले में 35 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त जिले के कामन सर्विस सेन्टरों, एम.पी.आनलाईन कियोस्को, लोकसेवा केन्द्रों, साइबर केफो, सहायता केन्द्रो एवं किसान मोबाइल एप पर किसान पंजीयन किए जाएंगे।

### भारतीय धावक एकेडमी कुंभराज ने दी श्रद्धांजलि

**कुंभराज।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए शहीदों की शहादत में भारती धावक एकेडमी कुंभराज ने श्रद्धांजलि एवं भारत माता की आरती करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें नगर के नगर वासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए साथ ही हमारे कुंभराज के जो अपनी सेवा भारत की रक्षा में दे रहे भैया मनीष शिवहरे सीमा सुरक्षा बल (bsf) कश्मीर एवं ओमकार चंदेल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलCISF सोनभद्र उत्तरप्रदेश ने भी शहीदों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

---

बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर धूमधाम से शिव पार्वती विवाह संपन्न

# उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व शिवालयों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़/कुरावर

भगवान शिव पार्वती के विवाह का महाशिवरात्रि पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में नगर के प्राचीन शिवालयों पर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने लगी थी। देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा। देर शाम नगर के श्रद्धालुओं ने शहर में शिव बारात का आयोजन किया। इसके बाद बड़ा महादेव और माता पार्वती के मंदिर शिखर पर गठजोड़े बांधकर विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न किया गया। इसके अलावा नगर के छोटा महादेव, जल मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, ओखलेश्वर महादेव, नादेश्वर महादेव, कोदेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव सहित प्राचीन शिवालयों पर भी महिला पुरुषों ने शिवलिंग की अभिषेक पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों पर विशेष साज सज्जा के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया। महा आरती और महाप्रसादी वितरण के आयोजन भी संपन्न हुए।

### शिवरात्रि के पर्व पर भंडारा और निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



**खुजनेर।** स्वर्गीय शिवसिंह चैहान की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। शिविर का आयोजन स्थानीय समाजसेवि लक्ष्मीनारायण चैहान प्रान्त समरसता प्रमुख के द्वारा उनके पिताजी की पुण्य स्मृति में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई। चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, दृष्टिदोष एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। गंभीर रोगियों को आगे के उपचार हेतु जिला अनन्तपुर रेफर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, क्योंकि इससे लोगों को घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है।

## हाथी पर सवार होकर निकले वटकेश्वर महादेव, भव्य शिव बारात का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। वटकेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी हाथी पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शिव बारात में शामिल भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिव बारात वटकेश्वर महादेव मंदिर, गांधी चैक से प्रारंभ होकर सदर बाजार, भेरू दरवाजा मार्ग, बस स्टैंड, पुराना एबी रोड, परशुराम चैराहा, अस्पताल रोड और बाग कुआं होते हुए तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची।

शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## प्रजापति समाज ने भगवान शिव का भव्य चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर

नगर खुजनेर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापति समाज द्वारा शहर में रविवार को भव्य चल समारोह निकाला गया महाशिवरात्रि का पर्व बडे धूम धाम से मनाया चल समारोह में भगवान भोलेनाथ की भव्य चलित झांकी आकर्षण का केंद्र रही शिव बारात में जमकर थिरके श्रद्धालु पूरा शहर शिवमय हुआ छोटे गणेश मंदिर पर चल समारोह में विराजित भगवान शिव की नप अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा आदि द्वारा पूजा अर्चना की जिसके साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ।

## कैसा भी संकट हो भगवान भक्ति नहीं छोड़ेः पं. अनुराग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीरापुर



नगर के अटल चैक में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव की परम भक्त अपाला थी ,जिस को जन्म से चर्म रोग था फिर भी उसने शिव की भक्ति नहीं छोड़ी । इंद्र ने भगवान शिव से पूछा कि प्रभु अपाला आप की परम भक्त है उसको इतना दुख क्यों तब भगवान शिव ने कहा कि इसने पूर्व जन्म में मेरा ओर मेरे भक्त का अपमान किया इसलिए इसको इस जन्म में ये रोग मिला तब भगवान ने इंद्र के साथ नंदी को अपाला के पास भेजा और शिव का चढ़ा हुआ जल अपाला के ऊपर छिड़का उससे उसका चर्म रोग समाप्त हुआ । कथा के माध्यम से कहा कि जीवन में कितना भी दुख संकट आ जावे लेकिन भगवान का मार्ग नहीं छोड़े हमे भगवान की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए।

---

जैन समाज के अनेक लोग हुए सम्मिलित

## जिनालय की स्थापना दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

नगर स्थित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय के 15वें प्रतिष्ठापना दिवस के अवसर पर नगर के जैन समाज द्वारा रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की पालकी, ध्वज और विशेष बैंड की धुनों के साथ पीटी कंपनी स्थित जिनालय से आरंभ हुई यात्रा बम-बम आश्रम, नागर मोहल्ला, जय स्तंभ चैराहा, मेन मार्केट, रानी झांसी चैराहा, गुड़ बाजार और कोतवाली रोड होते हुए पुनः जिनालय पहुंची। शोभायात्रा के समापन पर जिनालय में भगवान का विशेष कलशाभिषेक, शांतिधारा और पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सौधर्म, ईशान, सनतकुमार और माहेंद्र इंद्र के पात्रों सहित वृहद शांतिधारा हेतु बोलियां लगाई गईं, जिनमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में पचोर, मोड़ी, सुसनेर, ब्यावरा, जीरापुर, करनवास, बीनागंज और चाचैड़ा सहित अनेक नगरों से आए श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि पर जिले भर में हुए अनेक धार्मिक आयोजन, देर रात्रि तक चला पूजन-अर्चन

# भूत-पिशाचों की टोली और कई झांकियों के साथ निकली शिव-बारात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह गठबंधन का महा-शिवरात्रि पर्व राजगढ़ मुख्यायल सहित पूरे जिले में विभिन्न धार्मिक आयोजना के साथ मनाया गया। राजगढ़ नगर में महादेव उत्सव समिति के तत्वावधान में लगातार 34वें वर्ष भव्य शिव-बारात का आयोजन किया गया। स्थानीय शिवजी की छतरी स्थित मंदिर से ढोल-ढमाकों, गाजे-बाजों और डीजे की धुन की साथ आरंभ हुई बारात में बाहर से आए कलाकारों की मनमोहन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस बारात में भूत-पिशाचों की टोली, भगवान भोलेनाथ की झांकी के साथ अन्य कलाकार सम्मिलित हुए। शिव-बारात का नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, फलाहारी प्रसाद सहित भांग की ठंडाई के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। शिवजी की छतरी से आरंभ हुई बारात जय स्तंभ चैक, सोल्डर चैराहा, वाटर वक्र्स, कोतवाली रोड, नाका नंबर 3 से होते हुए मनकामनेष्वर मंदिर पहुंची। मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त बारात पुनः आरंभ हुई जो मेन मार्केट होते हुए रात्रि में खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर समाप्त हुई।





### सुबह से रात तक चले धार्मिक अनुष्ठान

महा षिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर, राजयोग महादेव मंदिर, एसी वाले हनुमान मंदिर, मनकामनेश्वर सहित अन्य मंदिरों में तड़के सुबह 5 बजे से आरंभ हुआ पूजा-अर्चना, अभिषेक इत्यादि का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। खोयरी महादेव मंदिर से पार्वतीजी के मंदिर तक गठजोड़ा तैयार कर भोलेनाथ और पार्वतीजी का विवाह संपन्न करवाया गया।

### 32 वर्षों से दूल्हा बना रहे हैं महेश सेन

उल्लेखनीय है कि महादेव उत्सव समिति के तत्वाधान में लगातार 34 सालों से शिव-बारात का आयोजन करवाया जा रहा है। इनमें से 32 वर्षों में महेश सेन नाम के व्यक्ति को दूल्हा बनाकर सजाया जा रहा है। अनवरत इतने वर्षों से शिव रूप धारण करने वाले श्री सेन के वास्तविक नाम को लोग भूलकर उन्हें भोलेनाथ ही पुकारने लगे हैं।

### अनेकों स्थानों पर भांग मिश्रित प्रसादी वितरित

महा-शिवरात्रि पर्व पर निकली बारात में शामिल भक्तों को नगर में कई स्थानों पर भगवान भोलेनाथ की प्रसादी के तौर पर भांग मिश्रित दूध, ठंडाई का वितरण करवाया गया।

### शिवालयों में रुद्र अभिषेक, खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**सारंगपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रातः 5 बजे से ही शिव भक्तों का जनसैलाब मंदिरों में उमड़ पड़ा। नगर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर, गुप्तेश्वर, तिलभांडेश्वर, ओंकारेश्वर, वाटकेश्वर, चिंतामनेश्वर, भूतेश्वर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने रुद्र अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया। सुबह से ही महिलाएं, युवतियां, बच्चे एवं पुरुष वर्ग बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।



## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रही है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे हैं। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगों को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगों की बीमारी या दुर्घटना में मददगार साबित हुई है।

### सूची में नाम जुड़वाने करें ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन

**सीहोर।** ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

गऊखेड़ी में होगा धर्मशाला का निर्माण, 13 परिवार के लोगों ने दान दी जमीन

# धर्मशाला के लिए जमीन देने वाले परिवार क्षेत्र के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत: विधायक

सेंधव समाज की धर्मशाला निर्माणि का विधायक ने किया भूमिपूजन। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दिए 11 लाख रुपए। ग्राम गऊखेड़ी और हरनावदा में बनेगा मोक्षधाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज एक एक इंच जमीन के लिए लड़ाई झगड़े, मारपीट, खूनखराबा, यहा तक की मर्डर तक हो जाते हैं। हम रोजाना खबरों में पढ़ते सुनते हैं, लेकिन ग्राम गऊखेड़ी के सेंधव समाज के उन 13 परिवारों ने अपने समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए करीब एक एकड़ जमीन दान करके संदेश पूरे देश के उन लोगों को दिया है जो एक एक इंच जमीन के लिए लड़ाई झगड़े करते हैं। निश्चित भूदान करने वाले ये 13 परिवार सबके लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। उक्त उद्गार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गऊखेड़ी में सेंधव समाज की बनने वाली धर्मशाला निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। इस धर्मशाला निर्माण हेतु विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भी 11 लाख की राशि देने की घोषणा की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ,सबका विकास और सबके विश्वास के साथ 2047 तक विकसित भारत और विकसित मप्र का लक्ष्य ले कर आगे बढ़ रही है। विकास की गति में आष्टा कही से पीछे नही है। हमने मप्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के सामने जो भी कार्य,योजना प्रस्तुत की उन्होंने स्वीकृति दी। अभी हमने 55 रोड मंजरे टोले के,41 रोड पीडब्ल्यूडी के, 29 रोड पीएम ग्राम सड़क योजना फेस 4 के स्वीकृत कराये है। 3 करोड़ का रोड देवबड़ला का बनाया,पुराना आष्टा का रोड का जल्द भूमिपूजन होने वाला है। हमने इंटर विधानसभा के कई रोड बनवाये जिससे पड़ोसी विधानसभा हमसे ओर हम उनसे जुड़े हैं। मेरा लक्ष्य है हर ग्राम में मांगलिक भवन,धर्मशाला बने इसके लिये ग्रामीणों को भी सहयोग के लिये आगे आना होगा,में भी सहयोगी बनुगा। इसी तरह हर ग्राम में मोक्षधाम बनाये जाएंगे,यहा पहुच मार्गो को अतिक्रमण से मुक्त करायेंगे। आज ग्राम गऊखेड़ी के महेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सरपंच प्रतिनिधि अजाबसिंह ने पैबर्स ब्लॉक लगाने व अन्य मांगे रखी है,आप चिंता ना करे जब तक ग्राम का पूरा विकास नही होगा सहयोग करूंगा। अब आप सब चिंता करे की ये धर्मशाला जल्दी बन कर तैयार हो जाये ।कार्यक्रम में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का ग्रामीणों ने अगवानी कर स्वागत सम्मान किया। मंचासीन अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता धारासिंह पटेल, बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, सोनू गुणवान,विजेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, राजेंद्र केशव, धर्मेंद्र ठाकुर, भीम सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर अर्जुन सिंह उमेकसिंह, योगेंद्रसिंह ठाकुर, सुरेंद्रसिंह,सौदानसिंह, मानसिंह ठाकुर, वीरेंद्रसिंह, मनोहर पटेल, जसपालसिंह, तेजसिंह कप्तान सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन उपस्तिथ रहे।



# विधायक ने पूजा अभिषेक कर कई घोषणाएं की



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिस दिन भगवान ब्रह्मा ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया उसी दिन से महाशिवरात्रि का पवन पर्व मनाया जाने लगा। यह दिवस आध्यात्मिक प्रेम और सद्भावना को जागृत करने का शुभ अवसर है। ऐसे शुभ दिवस महाशिवरात्रि पर आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रातः आष्टा के प्राचीन शंकर मन्दिर पहुच कर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन कर धाड़ीवाल परिवार द्वारा आयोजित ध्वजारोहण (निशान) चढ़ाने के कार्यक्रम में शामिल हुए एवं पुजारी हेमंत गिरी का स्वागत सम्मान कर पार्वती मैय्या को नमन किया।

महाशिवरात्रि पर शांति सरोवर में शिव ध्वजारोहण एवं आयोजित शिव संदेश शोभायात्रा में शामिल हुए। द्वादश 12 ज्योतिर्लिंग जी के दर्शन कर शांति सरोवर की प्रमुख बीके कुसुम दीदी का स्वागत सम्मान किया। संस्था की ओर से विधायक का स्वागत कर उनका अभिनन्दन किया। महाशिवरात्रि पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर प्राचीन संगम पर स्तिथ शिव मंदिर पहुचे एवं भगवान शिव जी का अभिषेक कर दर्शन कर पुजारी जी का स्वागत किया। संगम स्तिथ शिव मंदिर के पुजारी शम्भूगिर ने इस अवसर पर मंदिर प्रांगण पर टीन शेड लगवाने सहित अन्य मांगे भी विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के सामने रखी। विधायक ने संगम स्तिथ मन्दिर के खुले चबूतरे पर टीन शेड लगाने की घोषणा की एवं अन्य मांगों को भी पूर्ण करने का भरोसा दिया। शिवरात्रि पर नेवज नदी के उदगम स्थल प्राचीन पुरातत्व महत्व के देवांचल धाम देवबड़ला पहुचे यह भगवान विलवेश्वर महादेव के दर्शन पूजन अभिषेक कर देवबड़ला में चल रही त्रिदिवसीय सतसंग में शामिल हुए। पंडित राजेश शर्मा के श्रीमुख से कही जा रही शिव कथा का श्रवण कर व्यास गादी पर विराजे कथा वाचक का सम्मान किया। देवबड़ला से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर प्राचीन दुमेल पिंगलेश्वर धाम पहुचे यहा क्षेत्र की दो पवित्र नदियों का मेल होता है और यही पिंगलेश्वर महादेव जी का प्राचीन मंदिर है इसलिये इस स्थल को दुमेल कहा जाता है। यह विधायक ने बाबा की भक्ति कर पूजा, अभिषेक दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि पर विधायक दरखेड़ा में प्रसादी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए एवं भक्तों को प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के मंडल अध्यक्ष, भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में साथ थे।

### महाशिवरात्रि चल समारोह का किया स्वागत

**सीहोर।** महाशिवरात्रि के पर्व पर महाशिवरात्रि चलसमारोह तथा बारात और झांकियों के प्रमुखों को पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती जो महाशिव रात्रि चलसमारोह के अध्यक्ष के नेतृत्व में सीहोर शहर कस्बा से बाजार के प्रमुख मार्गों से होती हुई मनमोहक झाँकी निकाली गई के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव, नपा परिषद सीहोर के प्रतिपक्ष नेता विवेक राठौर द्वारा तहसील चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चलसमारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, कैलाश परमार, जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के प्रभारी दिनेश मेघानी, सहित झांकियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से राजेन्द्र वर्मा, जफरलाला, प्रीतम दयाल चौरसिया, ओम बाबा राठौर, योगेन्द्र राय, राकेश वर्मा, दिनेश भेरवे, नरेन्द्र खंगराले, मुकेश ठाकुर, रमेश बोयत, मजीद अंसारी आदि शामिल हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व पूरे ग्रामीण क्षेत्र खाचरोद, खामखेड़ा, रोला गांव, रामपुरा, नौगांव, बापचा आदि में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से शाम तक शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध दही जल बेलपत्र धतूरा चढ़ाकर भगवान की पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। शाम को मंदिर में महारथी का आयोजन किया गया जहां समस्त ग्राम वासियों ने भगवान की आरती कर प्रसादी ग्रहण की।

# डॉक्टर सुरुचि सिंह को इंदौर डॉग फेस्ट में किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इंदौर शहर में रविवार को होटल सयाजी पैलेस में डॉग शो आयोजित हुआ। शहर के अलग-अलग क्षेत्र से लोग अपने पालतू श्वानों के साथ पहुंचे यह श्वान अपनी नस्ल कद काटी ओर स्वभाव के कारण लोगों का ध्यान खिंचते नजर आए। शो में शामिल हर श्वान की अपनी अलग-अलग पहचान थी। कोई अपनी लम्बाई और मजबूती के कारण चर्चा में रहा तो कोई अपने घने बाल और मुस्कुराते हुए चेहरे से दिल जीतता हुआ दिखा।

कुछ श्वान छोटे होने के कारण बहुत फुर्तीले एवं आकर्षक थे वहीं कुछ की चाल में शाही अंदाज नजर आया। 33 इंच के ग्रेट ड़ेन एवं मुस्कुराते सेमोइड ने जीता दिल अफगान हाईड, ग्रेट ड़ेन, मिनिएचर पिंचर, हसकी, डोवरमेन, गोल्डन रेटरिवेर्ट एवं देशी श्वान, चाऊ चाऊ आदि नस्ल के स्वान शामिल हुए। आष्टा से डॉक्टर सुरुचि सिंह अपने देशी स्वान जिसका नाम फरिश्ता है जो कि पेरॉयसिस डॉग है जिसको लेकर शो में भाग लिया। जहां लगातार मेडम को इंदौर डॉग फेस्ट 2026 के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

डॉक्टर सुरुचि को 3 वर्षों से लगातार उनको सम्मानित किया जा रहा है। डॉक्टर सुरुचि आष्टा शहर में बेसहारा स्वानो का इलाज टिका करण एवं रखरखाव व उन्हें निस्वार्थ भाव से भोजन कराती आ रही है। उन्होंने इंदौर डॉग फेस्ट 2026 द्वारा यह अपील की है कि लोग देशी श्वानों को भी अडॉप्ट करें। अडॉप्ट ना कर सके तो उन्हें दो वक्त का भोजन ज़रूर कराएं।

# सात दिवसीय जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश के श्री गिरनार महातीर्थ आष्टा तीर्थ में प्रभु प्रवेश एवं 18 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सात दिवसीय जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव 16 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। यह धार्मिक आयोजन 22 फरवरी तक विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा, जबकि 20 फरवरी को ध्वजारोहण के अवसर पर आगामी वर्ष की ध्वजा एवं अष्टप्रकारी पूजा के चढ़ावे की बोली लगाई जाएगी। सोमवार सोलह फरवरी को तीन वर्ष पश्चात पूज्य आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर जी महाराज का ससंघ नगर में मंगल प्रवेश हो रहा है।

आचार्य भगवंत के सानिध्य में आष्टा तीर्थ पर सप्ताहभर विविध धार्मिक अनुष्ठान, पूजन एवं महापूजन के आयोजन होंगे। आचार्य भगवंत का ससंघ नगर प्रवेश जुलूस 16 फरवरी को प्रातः 8 बजे श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी से प्रारंभ होकर श्री महावीर श्वेतांबर जैन मंदिर गंज से सिकंदर बाजार बड़ा बाजार होते हुए किला मंदिर पहुंचेगा, जहां आचार्यश्री के मंगल प्रवचन एवं आशीर्वचन होंगे। श्रीसंघ की नवकारसी किला मंदिर समिति की ओर से रखी गई है। प्रातः 10 बजे कुंभ स्थापना एवं ज्वारारोपण का कार्यक्रम होगा, जिसके लाभार्थी चंदनमल-सचिन कुमार कोठारी परिवार हैं। दोपहर 1 बजे श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन का आयोजन नथमल-ताराचंद रांका परिवार के लाभ से संपन्न होगा।



### धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला

17 फरवरी मंगलवार को प्रातः 8 बजे श्री नेमिनाथ जिनेंद्र जिनालय में शक्रस्तव अभिषेक प्रतिमाह के लाभार्थियों द्वारा किया जाएगा।
18 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्री नवग्रह पाटला पूजन (लाभार्थीः चंदनमल-सचिन कुमार कोठारी परिवार), श्री दशदिक्पाल पाटला पूजन (लाभार्थीः शांतिलाल, कैलाश, गौरव वोहरा परिवार) तथा श्री अष्टमंगल पाटला पूजन (लाभार्थीः कोठारी परिवार) संपन्न होंगे। 19 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे श्रीसंघ द्वारा जिनालय में 18 अभिषेक एवं गुरुमूर्ति अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। 20 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 8 बजे सामूहिक भव्य स्नात्रोत्सव होगा तथा दोपहर 12:15 बजे दादा के शिखर पर ध्वजारोहण संपन्न होगा। इस अवसर पर सकल श्रीसंघ का साधार्मिक वात्सल्य भोज एवं जिनालय में भव्य अंगरचना होगी। इसके लाभार्थी ऋजुबालिका तीर्थ निर्माता उदारदिल श्री नंदप्रभा परिवार (कोलकाता-बंबई) रहेंगे। 21 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे महाप्रभाविक श्री शांति स्नात्र महापूजन (लाभार्थीः कोठारी परिवार) तथा 22 फरवरी रविवार को प्रातः 9 बजे प्रभावशाली श्री सिद्धचक्र महापूजन (लाभार्थीः इंद्राबेन अमृतलालजी सिंघवी परिवार, आष्टा-इंदौर) संपन्न होंगे। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रीसंघ एवं तीर्थ समिति में उत्साह का वातावरण है। श्रद्धालुओं में आचार्य भगवंत के नगर प्रवेश एवं सप्ताहभर चलने वाले जिनेन्द्र भक्ति महोत्सव को लेकर विशेष उमंग देखी जा रही है।

### मुकेश जलवाया और जितेंद्र सोलंकी का विधायक ने किया सम्मान

**आष्टा।** अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज की कन्नौद रोड स्तिथ धर्मशाला में गत दिवस समाज की बैठक में अखिल भारतीय मालवीय बलाई युवा संगठन के चुनाव समाज के वरिष्ठ बापूलाल मालवीय की उपस्तिथि में सम्पन्न हुए। चुनाव में आष्टा जावर के नवनियुक्त युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर मुकेश जलवाया काजीखेड़ी को एवं जितेंद्र सोलंकी डाबरी को आयोजन समिति आष्टा जावर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों का समाज के वरिष्ठ बापूलाल मालवीय की उपस्तिथि में विधायक कार्यालय पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्वागत सम्मान कर बधाई दी।



बैठक में देर से पहुंचने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने लगाई फटकार

# जन शिकायतों का निराकरण करना सर्वोच्च प्राथमिकता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों के निराकरण के साथ ही प्रशासनिक, राजस्व एवं जनहित से जुड़े अनेक विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विलंब से पहुंचने पर रेशम, मत्स्य, परिवहन, खाद्य सुरक्षा तथा विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

इसी तरह सीएमओ भैरूंदा और सीएमओ इछावर को अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टरबालागुरू के. ने बैठक में भू-अर्जन प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए नेशनल हाईवे, रेलवे सहित सभी परियोजनाओं संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। वन विभाग से संबंधित बिंदुओं में वन ग्राम से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, वन प्रबंधन, से जुड़े प्रकरणों पर चर्चा की गई और प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी, लंबित टीएल प्रकरण, आयोगों के लंबित प्रतिवेदन, सीएम मॉनिटर एवं सीएम हाउस से संबंधित मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर बालागूरू के. ने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, लंबित जवाब-दावे एवं अवमानना प्रकरण, लंबित भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत तथा संयुक्त कलेक्टर जमील खान सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# सफाई कर्मचारियों का हमेशा सहयोग करते हैं नपाध्यक्ष: जिला अध्यक्ष चंदेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सफाई कर्मचारियों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले भारतीय सफाई मजदूर संघ सीहोर जिला अध्यक्ष रितेश चंदेल को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के उपरांत मंच पर सफाई मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रितेश चंदेल ने कहा कि सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर हमेशा सफाई कर्मचारियों का सहयोग करते हैं। नगर पालिका में अब सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति भी हो रही है जिससे कर्मचारियों में खुशी बनी हुई है वेतन भी समय पर मिल रहा है और काम भी निश्चित कर दिए गए हैं।

कार्यक्रम में भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष हीरा रानवे, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश टांक, सोनू डागर श्रवण कुमार वीरेंद्र धौलपुर अनूप चौधरी आदि ने मंच पर चंदेल हो स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट किया गया और माला पहना कर सम्मानित किया गया।